प्रश्नपत्र संख्या

25 08 1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

विद्यालय का नाम – .............................................................................................. राज्य ...............................

प्रतियोगी का नाम – ........................................................... ह० ......................... अनुक्रमांक: ..........................

**कुल समय : 1 घंटा** **कक्षा–आठवीं** **कुल अंक: 100**

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिए।

2) प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

3) किसी प्रश्न का उत्तर न देने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

4) एक से अधिक उत्तर देने पर या गलत उत्तर देने पर (–½) नकारात्मक अंक दिए जाएँगे।

**परीक्षा उपरांत प्रश्न पत्र एवं उत्तर पत्रिका कक्ष निरीक्षक को दें।**

**प्रश्न 1. भाषा का क्षेत्रीय रूप क्या कहलाता है?**

(क) बोली (ख) लिपि (ग) व्याकरण

**प्रश्न 2. संविधान के किस अनुच्छेद में हिंदी को राजभाषा का स्थान मिला?**

(क) 243वें (ख) 313वें (ग) 343वें

**प्रश्न 3. कौन-सा व्यंजन घोष और महाप्राण दोनों है?**

(क) ख (ख) घ (ग) श

**प्रश्न 4. इनमें से अघोष व्यंजन कौन-सा है?**

(क) ज (ख) झ (ग) च

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं?**

(क) प्रतिनिधी (ख) प्रतिनीधी (ग) प्रतिनिधि

**प्रश्न 6. मूर्धन्य ध्वनियाँ कौन-सी है?**

(क) ट, ठ, ड, ढ (ख) च, छ, ज, झ (ग) प, फ, ब, भ, म

**प्रश्न 7. स्वर रहित 'र' का प्रयोग हुआ है?**

(क) पुनर्निर्माण में (ख) ट्रक में (ग) त्राटक में

**प्रश्न 8. 'प्रसन्नता' में कौन-सी ध्वनि हैं?**

(क) संयुक्त ध्वनि (ख) युग्मक ध्वनि (ग) सम्पृक्त ध्वनि

**प्रश्न 9. इनमें से कौन-सा शब्द 'सूर्य' का पर्यायवाची नहीं है?**

(क) रवि (ख) भास्कर (ग) निशाचर

**प्रश्न 10. 'जो काम करना कठिन हो' - इस वाक्यांश के लिए एक शब्द क्या होगा?**

(क) दुष्कर (ख) सुगम (ग) सरल

**प्रश्न 11. 'राम अपनी माँ के लिए फल लाया' - इस वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(क) कर्म कारक (ख) करण कारक (ग) संप्रदान कारक

**प्रश्न 12. दृग का वर्ण विच्छेद है-**

(क) द्+र्+अ+ग्+अ (ख) द्+ऋ+ग+अ (ग) द्+ऋ+अ+ग्+अ

**प्रश्न 13. क्ष्, त्र और ज्ञ ये तीनों कौन-सा व्यंजन है?**

(क) संयुक्त व्यंजन (ख) उष्म व्यंजन (ग) तवर्गीय व्यंजन

**प्रश्न 14. आग कौन-सा शब्द है?**

(क) तत्सम (ख) तद्भव (ग) देशज

**प्रश्न 15. ईमानदारी शब्द में संज्ञा है?**

(क) व्यक्तिवाचक (ख) भाववाचक (ग) समूहवाचक

**प्रश्न 16. विशेषण से बना भाववाचक शब्द है-**

(क) लड़कपन (ख) ऊँचाई (ग) महान

**प्रश्न 17. 'गुण' सन्धि का उदाहरण है?**

(क) महर्षि (ख) पावक (ग) अभ्युदय

**प्रश्न 18. किस शब्द में 'ईन' प्रत्यय नहीं है?**

(क) विलीन (ख) रंगीन (ग) शौकीन

**प्रश्न 19. 'चौरस' निम्न में से किस प्रकार का विशेषण है-**

(क) गुणवाचक (ख) संख्या वाचक (ग) परिमाणबोधक

**प्रश्न 20. प्रविशेषण का प्रयोग किस वाक्य में नहीं है-**

(क) वह बहुत काला है (ख) वह बहुत सुंदर है (ग) वह बहुत रोता है

**प्रश्न 21. संज्ञा से बनी नामिक क्रिया नहीं है-**

(क) हथियाना (ख) बतियाना (ग) अपनाना

**प्रश्न 22. 'अव्ययीभाव' समास का उदाहरण है-**

(क) यथाशक्ति (ख) त्रिभुवन (ग) राजपुत्र

**प्रश्न 23. 'सूर्योदय' शब्द में कौन सी संधि है?**

(क) दीर्घ संधि (ख) गुण संधि (ग) वृद्धि संधि

**प्रश्न 24. 'मुदित महिपति मंदिर आए। सेवक सचिव सुमंत बुलाए' में कौन-सा अलंकार है-**

(क) अनुप्रास अलंकार (ख) यमक अलंकार (ग) उपमा अलंकार

**प्रश्न 25. 'चरण-कमल बन्दों हरि राई।' में कौन-सा अलंकार है-**

(क) यमक अलंकार (ख) उपमा अलंकार (ग) रूपक अलंकार

**प्रश्न 26. हिंदी भाषा का कौन-सा रूप मानक हिंदी के रूप में स्वीकार किया गया है?**

(क) पूर्वी हिंदी (ख) पहाड़ी हिंदी (ग) खड़ी बोली

**प्रश्न 27. जिह्वा के आधार पर स्वर कितने प्रकार के हैं-**

(क) दो (ख) तीन (ग) चार

**प्रश्न 28. नाटकों में अभिनय को स्पष्ट करने हेतु पात्रों की क्रियाओं एवं मनोभावों के स्पष्टीकरण के अंतर्गत किस विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है?**

(क) निर्देशक चिह्न (ख) योजक चिह्न (ग) कोष्ठक चिह्न

**प्रश्न 29. सम्राट का विपरीत लिंग होगा-**

(क) सम्राटनी (ख) सम्राटी (ग) सम्रागी

**प्रश्न 30. 'राष्ट्रपति' शब्द किस लिंग का है?**

(क) उभयलिंगी (ख) स्त्रीलिंग (ग) नपुंसकलिंग

**प्रश्न 31. जो अव्यय दो शब्द, वाक्यांशों अथवा वाक्यों को जोड़ते हैं, वे कहलाते हैं-**

(क) क्रियाविशेषण (ख) संबंधबोधक (ग) समुच्चय बोधक

**प्रश्न 32. वे अव्यय जो वाक्य में किसी शब्द या पद के बाद लगकर उसके अर्थ में विशेष बल देते हैं, उन्हें कहते हैं-**

(क) क्रियाविशेषण (ख) निपात (ग) समुच्चय बोधक

**प्रश्न 33. काश! आज वर्षा होती? वाक्य है-**

(क) तुलनाबोधक निपात

(ख) बलप्रदायक निपात

(ग) विस्मयादिबोधक निपात

**प्रश्न 34. निम्नलिखित में से कर्म वाच्य का वाक्य बताइए।**

(क) तुलसीदास ने रामचरितमानस लिखी

(ख) रवि के द्वारा खेत जोता जाता है।

(ग) आज तहलने चला जाऊँ।

**प्रश्न 35. "पुस्तक पढ़ी जाती है।" में कौन-सा वाच्य है?**

(क) भाव वाच्य (ख) कर्म वाच्य (ग) कर्तृ वाच्य

**प्रश्न 36. "तेजी से बोलना" - किस प्रकार का पदबंध है?**

(क) क्रिया पदबंध (ख) अव्यय पदबंध (ग) संज्ञा पदबंध

**प्रश्न 37. "तेज धूप" में 'तेज' क्या दर्शाता है?**

(क) विशेषण पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) अव्यय पदबंध

**प्रश्न 38. 'अभिज्ञ - अनभिज्ञ' शब्द युग्म का सही अर्थ है:**

(क) जानकार - अनजान (ख) मूर्ख - ज्ञानी (ग) ज्ञानी - मूर्ख

**प्रश्न 39. 'अली' और 'अलि' शब्दों का सही अर्थ भेद है:**

(क) सखी - भौंरा

(ख) भौंरा - सखी

(ग) दोनों समान

**प्रश्न 40. 'खून का प्यासा होना' मुहावरे का क्या अर्थ है?**

(क) बहुत भूखा होना

(ख) बहुत प्यासा होना

(ग) जान का दुश्मन होना

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

मानव जाति को अन्य जीवधारियों से अलग करके महत्त्व प्रदान करने वाला जो एकमात्र गुरु है, वह है उसकी विचार-शक्ति। मनुष्य के पास बुद्धि है, विवेक है, तर्कशक्ति है अर्थात् उसके पास विचारों की अमूल्य पूँजी है। अपने सुविचारों की नींव पर ही आज मानव ने अपनी श्रेष्ठता की स्थापना की है और मानव-सभ्यता का विशाल महल खड़ा किया है। यही कारण है कि विचारशील मनुष्य के पास जब सुविचारों का अभाव रहता है तो उसका वह शून्य मानस कुविचारों से ग्रस्त होकर एक प्रकार से शैतान के वशीभूत हो जाता है। मानवी बुद्धि जब सद्भावों से प्रेरित होकर कल्याणकारी योजनाओं में प्रवृत्त रहती है तो उसकी सदाशयता का कोई अंत नहीं होता, किंतु जब वहाँ कुविचार अपना घर बना लेते हैं तो उसकी पाशविक प्रवृत्तियाँ उस पर हावी हो उठती हैं। हिंसा और पापाचार का दानवी साम्राज्य इस बात का द्योतक है कि मानव की विचार-शक्ति, जो उसे पशु बनने से रोकती है, उसका साथ देती है।

**प्रश्न 41. मानव जाति को महत्त्व देने में किसका योगदान है?**

(क) शारीरिक शक्ति का (ख) परिश्रम और उत्साह का (ग) विवेक और विचारों का

**प्रश्न 42. मानव में पाशविक प्रवृत्तियाँ क्यों जागृत होती हैं?**

(क) हिंसाबुद्धि के कारण (ख) असत्य बोलने के कारण (ग) कुविचारों के कारण

**प्रश्न 43. "मनुष्य के पास बुद्धि है, विवेक है, तर्कशक्ति है' रचना की दृष्टि से उपर्युक्त वाक्य है-**

(क) सरल (ख) संयुक्त (ग) मिश्र

**प्रश्न 44. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है-**

(क) विवेक शक्ति (ख) दानवी शक्ति (ग) पाशविक प्रवृत्ति

**प्रश्न 45. विचारों की पूँजी में शामिल नहीं है-**

(क) उत्साह (ख) विवेक (ग) तर्क

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

केवल कोरे कागज रंगना
कविता कैसे हो सकती है?
जहाँ कहीं खूंखार अँधेरा
सूरज वहाँ उगाना है
कौर छिन रहा जिनके मुँह से
उनको कौर दिलाना है
शंखनाद को सुन-सुन करके
जनता कैसे सो सकती है?

पल-पल बदल रही दुनिया की
धड़कन सुनना बहुत जरूरी
उग्रवाद बाज़ारबाद की
चालें गुनना बहुत जरूरी
बम-बारूद बिछी घर-आँगन
सुविधा कैसे हो सकती है?

**प्रश्न 46. कविता की प्रथम पंक्ति 'केवल कोरे कागज रंगना कविता कैसे हो सकती है?' से कवि का आशय क्या है?**

(क) कविता केवल कल्पना और सौंदर्य पर आधारित होनी चाहिए।

(ख) कविता को सामाजिक जिम्मेदारी से कोई लेना-देना नहीं होता।

(ग) कविता केवल शब्दों का खेल नहीं, बल्कि यथार्थ से जुड़ी होनी चाहिए।

**प्रश्न 47. 'जहाँ कहीं खूंखार अँधेरा सूरज वहाँ उगाना है' - इस पंक्ति में 'सूरज उगाना' का प्रतीकात्मक अर्थ क्या है?**

(क) पौधों की खेती करना

(ख) रोशनी और ऊर्जा का उत्पादन

(ग) आशा, प्रकाश और सुधार लाना

**प्रश्न 48. कवि के अनुसार जनता को 'शंखनाद' सुनकर क्यों नहीं सोना चाहिए?**

(क) क्योंकि वह उन्हें जागरूक करने की चेतावनी है

(ख) क्योंकि शोर के कारण नींद नहीं आती

(ग) क्योंकि वह युद्ध का संकेत है

**प्रश्न 49. 'बम-बारूद बिछी घर-आंगन' इस पंक्ति में कवि किस सामाजिक स्थिति को उजागर कर रहा है?**

(क) त्योहारों में आतिशबाजी की परंपरा

(ख) घरेलू विवादों की बढ़ती संख्या

(ग) आतंकवाद और हिंसा से घिरी सामान्य ज़िंदगी

**प्रश्न 50. कविता में कवि किस प्रकार की कविता का समर्थन करता है?**

(क) केवल भावनात्मक और कल्पनाशील कविता

(ख) जीवन की जटिलताओं और यथार्थ को स्पर्श करती कविता

(ग) प्रकृति की सुंदरता पर आधारित कविता